# अपनी बात

अंक : 553 वर्ष 42 | सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका | राँची, 29 फरवरी, 2020


## वाटर इज क्लाईमेट, क्लाईमेट इज वाटर – जल पुरूष

### सीसीएल में 'वाटर कंजरवेशन इन कोल माइंस' पर सेमिनार




जल पुरूष श्री राजेन्द्र सिंह का स्वागत करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

मुख्यालय, राँची के 'कन्वेंशन हॉल' स्थित 'ऑडिटोरियम' में विगत 01 फरवरी को 'वाटर कंजरवेशन इन कोल माइंस' पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जल पुरूष (मैगसेसे अवार्डी) श्री राजेन्द्र सिंह एवं सीएमडी श्री गोपाल सिंह थे। वरिष्ठ पत्रकार श्री मधुकर, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र सिंह ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वाटर इज क्लाईमेट, क्लाईमेट इज वाटर इस तथ्य को अब सारा विश्व मान रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि कोल इंडिया को जल साक्षरता एवं जल के कुशल उपयोग में कौशल विकास पर कार्य करने की आवश्यकता है और मैं आशा करता हूँ कि प्रबंधन इस पर सकारात्मक पहल करेगा। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि भारत में भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन से एक आपातकाल स्थिति उत्पन्न हो गयी है जिसके लिए हम सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने विस्तार से राजस्थान में उनके द्वारा किये गये कार्यो के बारे में बताया। उन्होंने राजस्थान में किये गये कार्यो के वैज्ञानिक पक्ष को रखते हुये बताया कि जन सहयोग से जल संरक्षण की दिशा में कम से कम खर्च में कार्य किया जा सकता है। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि क्लाईमेट (जलवायू परिवर्तन) को सही दिशा में लाना हम सभी की जिम्मेदारी है।



श्री राजेन्द्र सिंह से बात करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुये कहा कि आज हम सभी का सौभाग्य है कि जल पुरूष श्री राजेन्द्र सिंह सीसीएल प्रांगण में आये हैं। श्री सिंह ने बताया कि कोल इंडिया राष्ट्र हित में देश की उर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन कर रहा है। आज देश में हर दस में सात बल्ब कोयले से जलता है परंतु यह भी एक सत्य है कि कंपनी पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देते हुये इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है। सीसीएल, जल पुरूष द्वारा दिये गये सुझाव पर आगे बढ़ते हुये जल साक्षरता एवं जल के कुशल उपयोग हेतु कौशल विकास पर कार्य करेगा, श्री सिंह ने कहा।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल ने भी 'वाटर कंजरवेशन इन कोल माइंस' विषय पर अपने अपने विचार रखें।

## सीआईएसएफ द्वारा सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण

सीएमडी श्री गोपाल सिंह के कुशल मार्गनिर्देशन में सीआईएसएफ के सहयोग से सीसीएल के सुरक्षा गार्ड्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण में सुरक्षा कर्मियों को सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र में उनके कार्यकुशलता को और निपुण करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सुरक्षा प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि "यह टाई–अप सीसीएल सुरक्षा कर्मियों के बेहतर प्रशिक्षण का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिसमें वे कार्यस्थल पर बेहतर तरीके से सुरक्षा संबंधी सभी बिन्दूओं पर कृतसंकल्प होकर सामना कर सकेंगे और पेशेवर तरीके से सीसीएल के सुरक्षा कार्य को और मजबूती और बल प्रदान करेंगे।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सीसीएल में नवनियुक्त सुरक्षा कर्मियों के बीच सकारात्मक सैन्य प्रभाव को सुनिश्चित करना है ताकि वे विभिन्न कोयला खदानों और संबंधित क्षेत्रों में बेहतर रूप से सुरक्षा के क्षेत्र में कंपनी की सेवा कर सकें।




सीआईएसएफ से सुरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त सीसीएल के गार्ड्स

## सेवा निवृत कर्मचारियों को भावभीनी विदाई



सेवा निवृत्त कर्मियों के साथ सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह

मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री सुशील कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ई एण्ड एम), सतर्कता विभाग, राबिन गुप्ता, अधीनस्थ इंजीनियर (असैनिक), नगर प्रशासन, गांधीनगर कॉलोनी, उत्तम राज, कार्यालय अधीक्षक ए1, श्रमशक्ति विभाग, सत्येंद्र कुमार सिंह, अकाउंटेंट, ए1 , सीसीएल प्रेस विभाग, अरूण कुमार मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक 'ए' कंपनी सेक्रेटरी के सचिवालय, उपेंद्र नाथ चौधरी, एएसएसआई, सुरक्षा विभाग, सोहन राम, ड्राईवर कैट V, सामान्य प्रशासन विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर से मनोज कुमार सिन्हा, वरीय प्रबंधक (वित्त), गौतम दास, चीफ तकनीशियन 'ए 1', भोला राम, सहायक लैब तकनीशियन को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय, राँची में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।







सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
दरभंगा हाउस, कचहरी रोड, राँची – 834029, (झारखण्ड)
TOLL FREE NO. 18003456501 सम्पर्क करें : @CCLRanchi @CentralCoalfieldsLtd centralcoalfieldltd Central Coalfields Limited www.centralcoalfields.in



सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित (आंतरिक वितरण हेतु)

# कोल इंडिया अध्यक्ष का सीसीएल दौरा

## कल्याण, खान सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन के लिए प्रतिबद्ध कोल इंडिया – श्री प्रमोद अग्रवाल


अपने उद्‌गार व्यक्त करते कोल इंडिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल

विगत 04 फरवरी को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस कन्वेंशन हॉल स्थित "ऑडिटोरियम" में कोल इंडिया के नये अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल का सीसीएल कर्मियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं कोल इंडिया के निदेशक (तकनीकी) श्री विनय दयाल, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन, सीवीओ, श्री ए.के. श्रीवास्तव, महाप्रबंधक/अध्यक्ष के तकनीकी सचिव श्री एम.के. सिंह एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक सहित मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे। इससे पूर्व श्री अग्रवाल ने मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत कोयला कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अवसर विशेष पर कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने अपने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कंपनी के हित के साथ–साथ राष्ट्र हित सर्वोपरि है एवं कंपनी के प्रत्येक कर्मी का इसमें महत्वपूर्ण योगदान है । हमारा उद्देश्य है कि देश में कहीं भी कोयले की कमी नहीं हो। साथ ही उन्होंने कहा कि कोयला उत्पादन के साथ–साथ कंपनी के कल्याण कार्य एवं खान सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इसके लिए कोल इंडिया पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। श्री अग्रवाल ने जोर देते हुये कहा कि ग्राहक की संतुष्टि सर्वोपरि है। राष्ट्र की अपेक्षा हमसे है और हमें पूर्ण विश्वास है कि हम उस पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि अब मैं कोयला परिवार का एक स्थायी सदस्य बन गया हूँ और पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा से कोयला परिवार के विकास के लिए कार्य करूंगा।

उन्होंने कहा कि सीसीएल की दैनिक 'प्रार्थना – इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर न हो' काफी प्रेरणादायक है और हमें उर्जान्वित करती है उसको हमें जीवन में आत्मसात करते हुये पूरे विश्वास के साथ आगे बढ़ना है और कंपनी को उच्चतम शिखर तक पहुंचाने के लिए कार्यरत रहना है।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल कर्मियों तथा सीसीएल वृहद परिवार की ओर से अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री प्रमोद अग्रवाल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया तथा सीसीएल में सीएसआर के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल वित्तीय वर्ष 2012–13 में जहाँ 48 मिलियन टन कोयला उत्पादन से आगे नहीं बढ़ पा रहा था और आज उसी संसाधन एवं श्रम शक्ति के साथ लगभग 68 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर रहा है। इस विकास की गति में केन्द्र सरकार, कोयला मंत्रालय एवं राज्य सरकार का सहयोग सदैव मिलता रहा है। साथ ही इस उपलब्धि में श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, जेसीएससी, वेलफेयर बोर्ड एवं सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों सहित सीसीएल वृहद परिवार के प्रत्येक सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान है। श्री सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि सी.सी.एल. 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त करेगा।

धन्यवाद ज्ञापन निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने किया जबकि मंच संचालन वरीय प्रबंधक (वित्त) श्री ए.डी. वाधवा ने किया।

---

# सीएमडी 'एनर्जी एंड इनवायरनमेंट फाउंडेशन ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित


पुरस्कार के साथ सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह

एनर्जी एंड इनवायरमेंट फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय (15 से 17 फरवरी) 10वाँ वर्ल्ड पेट्रो कोल कांग्रेस एंड वर्ल्ड फ्यूचर फ्यूल समिट में हमारे अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह को 'एनर्जी एंड इनवायरनमेंट फाउंडेशन ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2020' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सीएमडी श्री गोपाल सिंह को उनके प्रोफेशनलिज्म व कोल सेक्टर के उत्तरोत्तर विकास हेतु समर्पण व उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। यह कार्यक्रम उर्जा एवं कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, एवं नीति आयोग के सहयोग से प्रतिवर्ष द एनर्जी एंड इनवायरमेंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जाता है।

यह अवार्ड माननीय केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीएमडी श्री गोपाल सिंह को प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन एवं अन्य देशों के प्रतिनिधिगण सहित अन्य संस्थानों के अतिथिगण उपस्थित थे।

अवसर विशेष पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने माननीय केन्द्रीय मंत्री महोदय का अभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह अवार्ड हमें और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि कोयला एवं खान मंत्रालय एवं कोल इंडिया का सहयोग निरंतर मिलता रहा है जिसके कारण कंपनी डबल डिजिट ग्रोथ हासिल कर रहा है।

श्री गोपाल सिंह के नेतृत्व में सीसीएल न सिर्फ कोयला उत्पादन, उत्पादकता, प्रेषण में नई उँचाईयों को छू रहा है बल्कि पर्यावरण के क्षेत्र में भी सतत कार्य कर रहा है।

---

# तीन दिवसीय " कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस–2020"

## बुजूर्गो के लिए सबसे अच्छी दवा स्नेह एवं प्यार देना है – सीएमडी सीसीएल


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह

विगत 07 फरवरी से 09 फरवरी तक आईआईसीएम, कांके रोड, राँची में सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) एवं आईआईसीएम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कोल इंडिया मेडिकल (सीमेकॉन) कॉन्फ्रेंस–2020 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) एन.के. अग्रवाल, मेडिका के निदेशक डॉ. आलोक रॉय, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, नई दिल्ली के डॉ. राजीव राठी, कोल इंडिया के पूर्व कार्यकारी निदेशक डॉ. ओ.पी. सक्सेना उपस्थित थे। अवसर विशेष पर आईआईसीएम के निदेशक डॉ. पी.सी. मिश्रा, पूर्व ईडीएमएस कोल इंडिया, डॉ. आर. आर्या, सीएमएस सीसीएल, डॉ. सी.पी. धाम, सीएमओ, सीसीएल, डॉ. मंजू मिश्रा, डॉ. डी.के.एल. चौहान डॉ. वी.के. सिंह, सीएमओ, डॉ. रत्नेश जैन, पूर्व सीएमएस सीसीएल डॉ. बी.एम.के. सिन्हा सहित सीसीएल, कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह सहित अन्य अतिथिगण ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। डीएवी गांधीनगर के बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया।


संबोधित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

समारोह के मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने देश भर से आये विख्यात विशेषज्ञ चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि कोल इंडिया परिवार सहित देश के विख्यात डॉक्टर एवं पद्मश्री अवार्डी डॉ. दिगम्बर बोहरा, डॉ. एन.के. पाण्डेय एवं एम्स के चिकित्सक भी अपने–अपने क्षेत्र के पेपर प्रस्तुत करेंगे जिससे सभी प्रतिभागी निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष का मेडिकल कॉन्फ्रेंस का थीम 'केयर फॉर इल्डरली' (बुजुर्गों की देखरेख) है जो वर्तमान परिपेक्ष्य में पूरे हिन्दुस्तान के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा व्यक्ति जब बीमार रहता है, पीड़ा में रहता है तब चिकित्सक भगवान के रूप में आकर उनका ईलाज करते हैं। श्री सिंह ने अपने संबोधन में चिकित्सको की प्रशंसा करते हुए चिकित्सकों के समाज में योगदान की चर्चा की और कहा कि आगे भी इस तरह का कॉन्फ्रेंस करने की जरूरत है जिससे प्रतिभागियों को नवीनतम जानकारी मिलती रहे और अपने क्षेत्र में वे लोगों की और बेहतर तरीके से चिकित्सा कर सके। मुख्य अतिथि ने सीमेकॉन की थीम पर अपना सलाह देते हुये कहा कि बुजूर्गो के लिए सबसे अच्छी दवा उनको स्नेह एवं प्यार देना है।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, मेडिका के निदेशक डॉ. आलोक रॉय, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, नई दिल्ली के डॉ. राजीव राठी, कोल इंडिया के पूर्व अधिकारी निदेशक डॉ. ओ.पी. सक्सेना, पूर्व ईडीएमएस कोल इंडिया, डॉ. आर. आर्या, सीएमएस सीसीएल, डॉ. सी.पी. धाम, सीएमओ, सीसीएल गांधीनगर, सीएमओ डॉ. डी.के.एल. चौहान, डॉ. वी.के. सिंह, ने भी सभी को संबोधित किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी।

तीन दिन के इस कार्यक्रम के दौरान कुल 42 पेपर प्रस्तुत किये गए।